आरोप ▸ गर्भवती महिलाओं को गुमराह कर जच्चा-बच्चा की जान से खिलवाड़, आंगनबाड़ी सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं व सीएचसी स्टाफ पर गंभीर आरोप

# मझौली सीएचसी में लापरवाही का खुलासा







**नवभारत,मझौली।** मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही का एक चिंताजनक मामला सामने आया है। क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं, कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं पर गर्भवती महिलाओं को गुमराह करने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से दूर रखने के गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, कई गर्भवती महिलाओं को नियमित एएनसी जांच, टीकाकरण और प्रसव पूर्व देखभाल से वंचित रखा जा रहा है। कुछ मामलों में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को निजी अस्पतालों और लैबों में जांच कराने के लिए दबाव बनाया गया, जिससे गरीब व ग्रामीण परिवारों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ा।

### सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद निजी सेंटर भेजे जा रहे मरीज

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि मझौली सीएचसी में सोनोग्राफी लैब मशीन उपलब्ध होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं को निजी सोनोग्राफी सेंटर भेजा जा रहा है। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सीएचसी में संसाधन मौजूद होने के बावजूद उनका उपयोग न करना और मरीजों को निजी संस्थानों की ओर मोड़ना, लापरवाही ही नहीं बल्कि संभावित मिलीभगत का संकेत देता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सीएचसी स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं की गई तो किसी भी गर्भवती महिला या नवजात की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा, जिससे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावहीन होती जा रही हैं।



## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

▸ भागवत कथा में पूरा पंडाल जयकारों से गूंजा

**नवभारत,पनागर।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उपनगरीय क्षेत्र पनागर के गौतम मोहल्ला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के तीसरे दिवस पर डॉ. अर्जुन पांडेय महाराज ने व्यास पीठ से यह बात कही। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

कथा व्यास महाराज ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।





## भमका में शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत प्रारंभ

**नवभारत,बेलखाडू।** 14 मील से पश्चिम दिशा में अंदर ग्राम भमका में कल शाम संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के लिए विशाल कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कथा प्रवक्ता पंचदश नाम जूना अखाड़ा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मा नंद गिरी जी महाराज की अगुवाई में विशाल कलश यात्रा, बड़े ध्वज, सर पर भागवत धारण कर जय कारे लगाते हुए शोभायात्रा समूचे ग्राम में घूमी,सभी देवी दिवाले पर पूजन अर्चन कर के शोभायात्रा पंडाल स्थल पहुंची। जहां बैठकी, भागवत महात्म, सुकदेव आगमन, कुंती चरित्र, परीक्षित जन्म आदि विधान किए गए। इस अवसर पर देवेंद्र दुबे, वंदना दुबे, मुकेश दुबे, अमन दुबे, उमेश , आशीष , ललित दुबे, सुरेश दुबे सहित अनेकों ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 23 को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम सीमा अंतर्गत 23 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समस्त अविवाहित युवक-युवतियों से विनम्र अपील की है, कि विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए दिनांक 03 जनवरी 2026 तक कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में उपायुक्त अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो तो नगर निगम के योजना शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

## श्रीकृष्ण सुदामा मिलन देखते ही भाव विभोर हुए श्रोता

▸ भागवत दौरान अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो गीत पर झूमे ग्रामीण

**नवभारत,बेलखाडू।** भागवत कथा में कृष्ण और सुदामा की कथा उनकी गहरी मित्रता और सुदामा की भक्ति की कहानी है। सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे जो अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारकाधीश कृष्ण से मिलने जाते हैं। कृष्ण, उन्हें पहचानकर, गले लगाते हैं और उनके पैरों को धोकर सम्मान करते हैं। सुदामा द्वारा लाए गए चावल खाने से, कृष्ण अपनी कृपा से सुदामा को राजमहल और ऐश्वर्य प्रदान करते हैं, लेकिन सुदामा अपनी कुटिया में रहकर ही भगवान का सुमिरन करते हैं ।



उकताशय की कथा सुश्री जया देवी ने बेलखाडू बजरंग नगर पड़ाव पर जारी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में आज श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग दौरान श्रोताओं के समक्ष कही। ग्रामीणों ने बच्चों को श्रीकृष्ण सुदामा भेषभूषा में तैयार कर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं के बीच दोनो का मिलन कराया। गरीब सुदामा और भगवान के मिलन को देखकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। एक दिन पूर्व श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग आयोजन दौरान भी बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण उपस्थित रहे।



## चालान से बचने नहीं, सुरक्षा के लिए पहने हेलमेट

▸ 15 दिवसीय हेलमेट जागरूकता अभियान जारी

**नवभारत,जबलपुर।** सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार 22 अक्टूबर से चलाये जा रहे 15 दिवसीय हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न टीमों ने शहर के प्रमुख चौक, चौराहा, स्कूल और व्यावसायिक संस्थानों में अभियान चलाया। पी.वी.आर. मॉल नौदरा क्रासिंग और तीन पत्ती चौक पर स्टाफ और वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के फायदे, यातायात नियम और सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को मौके पर ही हेलमेट पहनवाए गए और जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को भी यातायात नियमों और हेलमेट के महत्व के बारे में समझाया गया। छात्रों को प्रेरक स्लोगन और पम्पलेट दिए गए और उन्हें अपने परिवार व मित्रों तक जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस ने कहा कि हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सिर की सुरक्षा और जीवन बचाने के लिए जरूरी है। अभियान का लक्ष्य शहर में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करना है।

## गांजे की खेप के साथ सौदागर गिरफ्तार

**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने 569 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को रंगे हाथ पकडा गया है। टीआई राजकुमार खटीक ने बताया कि दर्शन चौक के पास एचडीआर हार्डवेयर दुकान के सामने कुलिया में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये दबिश दी गई घेराबंदी कर अभिषेक उर्फ गुडी दुबे पिता स्व. कैलाश चंद दुबे 45 वर्ष निवासी बाई का बगीचा गली नम्बर 3 बेलबाग को पकड़ा गया तलाशी लेने पर 569 ग्राम गांजा कीमती लगभग 11 हजार 380 रुपए का होना पाया गया।

## श्यामलाल श्रीवास का निधन

**पनागर।** जयप्रकाश वार्ड निवासी श्यामलाल श्रीवास का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप जागेश्वर श्रीवास,सीताराम श्रीवास,राजू श्रीवास के पिताजी थे। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़रिया रोड स्थित शमशान घाट पर सुबह 11 बजे किया जायेगा।





## कर्मचारी आयोग बनेगा, समय पर मिलेंगे सभी लाभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मिलन समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों कि समस्याओं के निराकरण के लिए कर्मचारी आयोग बनाया जाएगा , वेतन विसंगति जैसी समस्याएं होगी दूर, पुलिस कल्याण आयोग बनाया जाएगा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती होगी, अन्य समस्याओं पर एवं 3ञ् शेष महंगाई भत्ता पर जल्द निर्णय लेने के संकेत दिए। सभी विभाग के सरकारी कर्मचारियों की भर्ती की परीक्षा एक साथ होगी, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी,आलोक अग्निहोत्री, धनराज सिंह ब्रछलिया, रजनीश पांडेय, योगेन्द्र मिश्रा,सुशील गुप्ता, राजाराम डेहरिया, अरुण पटेल, राजू मस्के , सतीश बरकडे, नेतराम झरिया, महेश कुलस्ते, अजीत वर्मा, अमित शुक्ला, प्रशांत सोनिया, नरेश शुक्ला, बृजेश मिश्रा, आकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे

## पार्किंग और पेयजल की व्यवस्था करने दिए निर्देश

▸ नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा: व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम की बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** 5 नवंबर को होने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा की तैयारियों को लेकर एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल, पार्किंग और साफ-सफाई व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सरस्वती घाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में पार्किंग और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। यात्रा के दौरान नावों की जांच, लाइफ जैकेट एवं रिंग ट्यूब की व्यवस्था, और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेट्रो बसों का संचालन भी किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग को घाटों पर बेरीकेटिंग व्यवस्था और लम्हेटाघाट के निर्माणाधीन पुल से मधुमक्खी के छत्तों को हटाने की जिम्मेदारी दी गई। सड़क पर भंडारों की अनुमति नहीं दी जाएगी और प्लास्टिक के बर्तन के स्थान पर पत्ते या स्टील के बर्तन का प्रयोग अनिवार्य किया गया।



## सड़क निर्माण कार्य को मिली मंजूरी, जल्द होगी पूरी

**जबलपुर, नवभारत।** शहर वासियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। रानी दुर्गावती विवि से डुमना एयरपोर्ट तक तैयार की जाने वाली फोरलेन सड़क के चार किलोमीटर के हिस्से में रुकावट दूर हो गई है। दरअसल सैन्य क्षेत्र की इस जमीन पर सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब सरकार के राजस्व विभाग ने जमीन हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है जिसके बाद निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। वही सेना ने जमीन सड़क बनाने देने पर सहमति दी है लेकिन इसके बदले जमीन मांगी है। बता दे कि जमीन चिन्हित भी हो चुकी है। सरकार को सिर्फ जमीन हस्तांतरण की कार्रवाई करना है जो पिछले डेढ़ साल से अटकी हुई है।



### बढ़ गई सड़क की लागत

सूत्रों की माने तो सड़क निर्माण में तमाम अटकलों के बीच देरी से लगभग 61 करोड़ की सड़क की लागत 85 करोड़ पहुंच चुकी है। यही नहीं अधूरी पड़ी सड़क सिर्फ हादसे का न्यौता दे रही है। लेकिन अब शीघ्र ही इस सड़क को बनाने का कार्य शुरू होगा बता दें कि करीबन डेढ़ साल में 4 किलोमीटर का बचा हुआ हिस्से को तैयार किया जाएगा।

### बनाए गए है अंडरपास

मालूम हो कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से डुमना फोर लेन सड़क का निर्माण हो रहा है। एयरपोर्ट के बीच 10 किमी लंबी इसकी लागत करीब 61 करोड़ रुपये है। इसमें 11 अंडरपास और दोनों तरफ सड़क के किनारे फेसिंग लगाई जानी थी, ताकि वन्य जीव सड़क पर न आ सकें। वन्य जीवों को हादसों से बचाने के लिए अंडर पास बनाए गए हैं। इस सड़क के लिए 11 अंडरपास प्रस्तावित थे, जिनमें आधे बन चुके है। ये अंडरपास 10 फीट लंबे एवं 20 फीट चौड़े बनाए जा रहे हैं। अंडर पास के नीचे से आसानी से छोटे बड़े जानवर अकेले अथवा झुंड के साथ आ जा सकें इस बात का प्रावधान रखा गया है।

## सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी 31 को

नवभारत,जबलपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को शहर में ?रन फॉर यूनिटीज्का आयोजन किया जाएगा। दौड़ सुबह 8 बजे राइट टाउन स्टेडियम से शुरू होकर तीन किलोमीटर की दूरी तय करते हुए उसी स्टेडियम में समाप्त होगी।कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने दौड़ के सफल आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। नगर निगम आयुक्त को स्थल की साफ-सफाई व पानी एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा और यातायात व्यवस्था, और अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा व जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दौड़ में कॉलेज और स्कूल के छात्र, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य, खिलाड़ी और आम नागरिक हिस्सा ले सकेंगे। जिला खेल अधिकारी और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी अधिकतम प्रतिभागियों की संख्या सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है।

## विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें : संभागायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों में शासन के प्राथमिकता वाले विषयों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े मामलों, जिसमें राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, आरबीसी 6(4) के तहत राहत प्रकरण, भू-अर्जन, सीएम हेल्पलाईन, सीपीग्राम, सीएम तथा सीएस मॉनिट की शिकायतों, जीएडी, लोकायुक ?त कार्यालय से प्राप्त शिकायतों, लंबित विभागीय जांचों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों पर समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिले के कलेक ?टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली रूप से सम्मलित रहे और उन्होंने संबंधित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की जानकारी दी।



इसके अतिरिक्त बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों के कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। जिलों के कलेक्टर्स और सीईओ जिला पंचायत ने मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के क्रियान्वयन, मनरेगा के लेबर बजट और कार्य पूर्णता की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों के साथ-साथ मध्याह्न भोजन एवं सांझा चूल्हा के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कृषि के क्षेत्र में सोयाबीन में भावांतर योजना, कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए कृषकों के पंजीयन की स्थिति, धान उपार्जन की तैयारियों, रबी सीजन के लिए खाद-बीज की उपलब्धता, फसल अवशेष प्रबंधन, तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही पीएम जनमन अधोसंरचना कार्य, वन ग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन एवं सीएफआरआर आवंटन, ई-अटेंडेंस, और निपुण भारत मिशन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। महिला एवं बाल विकास के तहत आंगनवाड़ी में दर्ज बच्चों के लिए नवचेतना, टेक होम राशन एवं श्रम विभाग की संबल योजना तथा भवन एवं संनिर्माण कर्मकार योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही खाद्यान्न के मासिक आवंटन एवं उठाव और वर्षा उपरांत किए जाने वाले मार्ग संधारण कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया। संभागायुक ?त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की विभागीय योजनाओं का नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।